लखनऊ ग्रुप इंटर ग्रुप थल सेना शिविर प्रतियोगिता के लिए रवाना

लखनऊ ।लखनऊ ग्रुप से चयनित 27 बालिका कैडेट आज दिनांक 4 अगस्त 2023 को शाहजहांपुर के लिए रवाना हुए ।टीम लीडर कैप्टन प्रोफेसर रजिया परवीन ने बताया कि कैडेट्स इंटरग्रुप थल सेना शिविर प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं। कैडेट्स मुख्य रूप से फायरिंग ,बाधा , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मानचित्र अध्ययन एवं दूरी का अनुमान फील्ड सिग्नल जैसे प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए पिछले 3 महीने से लखनऊ ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विक्रम पुनेठा के निर्देशानुसार 19 न्च गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल दीपक कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे ।जिसमें लखनऊ के 19 बटालियन, 20 बटालियन ,63 बटालियन ,64 बटालियन के अतिरिक्त रायबरेली की 66 बटालियन ,सीतापुर की 22 बटालियन ,लखीमपुर की 26 बटालियन के कैडेट्स ने भाग लिया था । 19 यूपी गर्ल्स बटालियन की प्रशासनिक अधिकारी मेजर दिव्या शर्मा ने बताया कि टीम को तैयार करने में कैप्टन रजिया परवीन, सूबेदार मेजर ताजबरसिंह, नायब सूबेदार जी बी चाको ,सीनियर जीसीआई विनीता श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा ।